भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4198

उत्तर देने की तारीखः 18.07.2019

सौर चरखा मिशन

4198. श्री नायब सिंह सैनीः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सौर चरखा मिशन के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) देश भर में अब तक इससे कितने लोग लाभान्वित हुए हैं;

(ग) हरियाणा, विशेषकर कुरुक्षेत्र जिले में ऐसे कितने लाभार्थी हैं;

(घ) क्या सरकार का वर्तमान में इस योजना से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए नए कदम उठाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री

(श्री नितिन गडकरी)

(क) से (ग): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने वर्ष 2018-19 तथा 2019-20 के लिए 550/-करोड़ रूपए के बजट से देश भर में 50 सोलर चरखा क्लस्टरों के कार्यान्वयन के लिए मिशन सोलर चरखा शुरु किया है। स्कीम में लगभग एक लाख लोगों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने की परिकल्पना है। सोलर चरखा इकाइयों को ग्रामोद्योगों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

स्कीम को खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), मुम्बई द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। प्रोमोटर्स एजेंसियों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों से कुल 36 प्रस्तावों को केवीआईसी द्वारा चयन सूची में रखा गया है और उनको विस्तृत परियोजना रिपोर्टें (डीपीआर) प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

(घ) से (ङ): सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय एवं खादी और ग्रामोद्योग आयोग, राज्य सरकारों के समक्ष इसे रखकर स्कीम को लोकप्रिय बनाने के लिए सभी प्रयत्न करते रहे हैं। इच्छुक पक्षकारों से प्रतिक्रिया मांगने के लिए राष्ट्रीय समाचार पत्रों में रूचि की अभिव्यक्ति दो बार प्रकाशित की गई है।

****